भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2929

उत्तर देने की तारीख 18/03/2026

देशभक्तों और क्रांतिकारियों को पाठ्यपुस्तकों में उचित स्थान देना

2929 # **श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मध्यकालीन भारत और ब्रिटिश शासनकाल के दौरान देश के कई महान देशभक्तों, क्रांतिकारियों और योद्धाओं के योगदान को इतिहासकारों द्वारा इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में उचित स्थान नहीं दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत के लोगों को अपनी समृद्ध विरासत और कई महान नायकों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं मिल पाई है; और

(ख) क्या मंत्रालय ने इतिहास लेखन में इन कमियों को दूर करने और इतिहास की पाठ्यपुस्तकों और मुख्यधारा के विमर्श में इन महान राष्ट्रीय नायकों के योगदान का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष पहल की है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई), 2023 विभिन्न कालखंडों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भारतीय देशभक्तों और क्रांतिकारियों को शामिल करने पर केंद्रित है। नीति दस्तावेजों में विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञात और कम ज्ञात व्यक्तियों द्वारा दिए गए योगदानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व की एक सशक्त भावना जागृत करने पर बल दिया गया है। एनईपी 2020 और एनसीएफ-एसई 2023 के दर्शन को व्यवहार में लाने के लिए विभिन्न विषयों के क्षेत्र में अभ्यासरत पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के विकास के लिए पाठ्यपुस्तक विकास समिति (टीडीटी) का भी गठन किया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने एनईपी 2020 और एनसीएफ-एसई 2023 पर आधारित सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की हैं। सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में विषयगत दृष्टिकोण अपनाया गया है। भारत और विश्व: भूमि और जन, अतीत की तस्वीर, शासन और लोकतंत्र, तथा हमारे आस-पास का आर्थिक जीवन, कक्षा 6 से 8 की पाठ्यपुस्तकों में शामिल विषय हैं। इन विषयों में अध्यायों के अनुसार उन व्यक्तित्वों का उल्लेख किया गया है जिन्होंने योगदान दिया है।

*****